ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, बुधवार 2 अक्टूबर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 210

पुणे में हेलिकॉप्टर क्रैश, 3 लोगों की मौत:इनमें 2 पायलट, 1 इंजीनियर; टेक ऑफ के बाद 1.5km दूर हादसा हुआ



24 न्यूज अपडेट

पुणे. महाराष्ट्र के पुणे जिले के बावधन में बुधवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें दो पायलट और एक इंजीनियर सवार थे। तीनों की मौत हो गई। घटना बावधन में केके कंस्ट्रक्शन हिल के पास सुबह करीब 6:45 बजे हुई। पुणे के पिंपरी-चिंचवड़ के डीसीपी विशाल गायकवाड़ ने बताया कि हेलिकॉप्टर ने ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के हेलिपैड से मुंबई के जुहू के लिए उड़ान भरी थी। करीब 10 मिनट बाद 1.5 किमी दूर जाकर हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसा पहाड़ी इलाके में हुआ। वहां सुबह के समय घना कोहरा था। क्रैश होने के बाद हेलिकॉप्टर में आग लग गई। पुणे चीफ फायर ऑफिसर देवेन्द्र प्रभाकर पोटफोडे ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए दो एम्बुलेंस और चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। हेलिकॉप्टर के सभी हिस्से बिखर गए थे। आग सुलग रही थी।

हेलिकॉप्टर हेरिटेज एविएशन नाम की प्राइवेट कंपनी का था। दोनों पायलट और इंजीनियर की पहचान अभी नहीं हो सकी है। डीसीपी विशाल ने बताया कि दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। DGCA मामले की जांच करेगा।

40 दिनों के भीतर पुणे में हेलिकॉप्टर क्रैश की दूसरी घटना

पुणे में 40 दिनों के भीतर यह दूसरी घटना है। इससे पहले 24 अगस्त को पुणे के पौड इलाके में एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। यह हेलिकॉप्टर मुंबई से हैदराबाद जा रहा था। इसमें पायलट और तीन यात्री सवार थे। हादसे में पायलट जख्मी हुआ था। बाकी तीनों लोगों को ज्यादा चोट नहीं आई थीं।

पुणे रूरल पुलिस के सुपरिंटेंडेंट पंकज देशमुख ने बताया था कि यह हेलिकॉप्टर मुंबई की ग्लोबल वेक्ट्रा हेलिकॉर्प कंपनी का था। यह AW 139 मॉडल का था। आशंका जताई गई कि हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी की वजह से क्रैश हुआ। हादसे के पीछे भारी बारिश को भी वजह माना गया।

56 साल बाद सहारनपुर में जवान का अंतिम संस्कार:1968 में विमान क्रैश में हुए थे शहीद; माता-पिता, पत्नी-बेटे की हो चुकी है मौत



24 न्यूज अपडेट

सहारनपुर. भारतीय सेना को हिमाचल प्रदेश के रोहतांग दर्रे पर 30 सितंबर को 4 भारतीय जवानों के शव मिले। इनमें एक शव मलखान सिंह का था। बर्फ में दबने से शव खराब नहीं हुआ था। मलखान सिंह सहारनपुर से 30 किलोमीटर दूर फतेहपुर गांव के रहने वाले थे। वह 56 साल पहले 7 फरवरी, 1968 को लापता हो गए थे। उनके माता-पिता और पत्नी-बेटे की मौत हो चुकी है। परिवार में अब सिर्फ पोते-पोती हैं। इस बीच, वायु सेना के जवान बुधवार को मलखान सिंह का पार्थिव शरीर लेकर आए। आसपास के कई गांवों के करीब एक हजार लोग अंतिम दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान मलखान सिंह अमर रहें...भारत माता की जय के नारे लगे। देशभक्ति के गीतों से माहौल गमगीन हो गया। शाम साढ़े 5 बजे मलखान सिंह के पोते गौतम ने उनको मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। देश का सबसे लंबा रेस्क्यू ऑपरेशन हिमाचल प्रदेश के रोहतांग दर्रे पर 56 साल बाद 30 सितंबर को 4 भारतीय जवानों के शव मिले थे। भारतीय सेना के डोगरा स्काउट्स और तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू की एक जॉइंट टीम ने शव बरामद किए। दरअसल, 1968 में इंडियन एयर फोर्स का AN-12 विमान इसी इलाके में क्रैश हो गया था।

102 जवानों को ले जा रहा यह ट्विन इंजन एएन-12 टर्बोप्रॉप ट्रांसपोर्ट विमान 7 फरवरी, 1968 को चंडीगढ़ से लेह जाते समय लापता हो गया था। खराब मौसम में विमान फंस गया और हिमाचल प्रदेश के रोहतांग दर्रे के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

2003 में ही अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान के पर्वतारोहियों ने मलबे की खोज की थी, जिसके बाद भारतीय सेना, खासकर डोगरा स्काउट्स ने सालों तक कई सर्च ऑपरेशन चलाए। डोगरा स्काउट्स ने 2005, 2006, 2013 और 2019 में शवों की छानबीन जारी रखी। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना स्थल की कठोर परिस्थितियों और चुनौतीपूर्ण भू-भाग के कारण 2019 तक केवल 5 शव बरामद किए गए थे।

नवरात्रि मेले में दुकान के बोर्ड पर लिखना होगा नाम:रतलाम नगर निगम के फैसले पर शहर काजी को आपत्ति, बोले-सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

24 न्यूज अपडेट



रतलाम. रतलाम नगर निगम इन दिनों उत्तर प्रदेश सरकार की राह पर है। निगम ने आदेश पारित किया है कि इस बार नवरात्रि मेले में दुकान लगाने वाले व्यापारियों को बोर्ड पर अपने नाम के साथ दुकान चलाने वाले का नाम भी लिखना होगा। नगर निगम की राजस्व समिति के इस फैसले को लेकर विरोध के सुर भी उठने लगे हैं। मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहा है।

दरअसल, रतलाम के कालिका माता मंदिर में नवरात्रि पर 9 दिवसीय गरबा रास होता है। यहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इस बार मंदिर में 3 से 12 अक्टूबर तक दस दिवसीय नवरात्रि मेला लगेगा। मध्यप्रदेश ही नहीं, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के व्यापारी यहां दुकान लगाते रहे हैं। ऐसा पहली बार है कि दुकानदारों के लिए अपने नाम का बोर्ड लगाना अनिवार्य किया गया है। शहर काजी बोले-ये तुगलकी फरमान, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे नगर निगम के इस फैसले को शहर काजी सैयद आसिफ ने तुगलकी फरमान बताया है। उन्होंने कहा, 'ऐसा फैसला यूपी में योगी सरकार ने भी लिया था। इसे सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत रतलाम नगर निगम से ऑर्डर कॉपी मांगी गई है। इसके मिलते ही एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन फॉर सिविल राइट्स, दिल्ली की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की जाएगी।'

शहर काजी ने यह भी कहा कि फैसले के विरोध की कलेक्टर को भी जानकारी दे दी गई है। मेले में बोर्ड लगाने के दौरान अगर कोई हंगामा या विरोध होता है तो इसकी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की रहेगी।

निगम का तर्क-हमारा मकसद बिचौलियों पर रोक लगाना

रतलाम नगर निगम के राजस्व समिति प्रभारी दिलीप गांधी का कहना है, 'मेले में रतलाम के अलावा बाहर से कई लोग दुकान लगाने के लिए आते हैं। यह निर्णय इसलिए लेना पड़ा क्योंकि कोई बिचौलिया नहीं आए, वास्तविक व्यापारी को ही दुकान मिले। टेंडर होने के बाद एक स्वीकृति पत्र दिया जा रहा है, जो दुकान पर आधार कार्ड के साथ रखना होगा। जब भी कोई जांच करने आता है तो दुकानदार को यह दिखाना होगा।'

गांधी ने कहा, 'हमारी मंशा यह है कि जिस व्यक्ति के नाम से दुकान का टेंडर हुआ है, उसी को दुकान मिलनी चाहिए। उत्तर प्रदेश का निर्णय प्रदेश स्तर पर था। हमने केवल कालिका माता मंदिर मेला ग्राउंड तक की बात की है। जिस किसी के नाम का टेंडर खुले, वह अपना रजिस्ट्रेशन अपने पास रखे और बोर्ड पर प्रोपराइटर का नाम जरूर लिखे।'

मणिपुर के उखरुल में हिंसा, 3 की मौत:10 से ज्यादा घायल, जमीन विवाद में दो पक्षों में फायरिंग; चुराचांदपुर में उग्रवादी की हत्या



24 न्यूज अपडेट

मणिपुर के उखरुल जिले में बुधवार को नगा समुदाय के दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। 10 से ज्यादा घायल हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 163, 2023 की उप-धारा 1 के तहत इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अगले आदेश तक लोगों के घरों से निकलने पर रोक है।

पुलिस ने बताया कि दोनों पक्ष नगा समुदाय के हैं, लेकिन हुनफुन और हंगपुंग नाम के दो अलग-अलग गांव हैं। दोनों पक्ष एक जमीन पर अपना दावा करते हैं। स्वच्छता अभियान के तहत विवादित जमीन की सफाई को लेकर दोनों पक्षों के बीच हिंसा हुई। इलाके में असम राइफल्स को तैनात किया गया है।

चुराचांदपुर में उग्रवादी की गोली मारकर हत्या

दूसरी तरफ, चुराचांदपुर जिले के लीशांग गांव के पास मंगलवार को अज्ञात लोगों ने एक प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के टाउन कमांडर की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान जिले के कपरंग गांव के निवासी सेखोहाओ हाओकिप के रूप में की गई।

पुलिस ने बताया कि मृतक यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (UKNA) का सदस्य था। घटना कल सुबह 12:15 बजे चुराचांदपुर में टोरबुंग बंगले से करीब 1.5 किमी दूर हुई। पुलिस ने हाओकिप के शव को चुराचांदपुर मेडिकल कॉलेज के मॉर्चुरी में रखवा दिया है।

थौबल में 48 घंटे का बंद, जनजीवन प्रभावित

इधर, मणिपुर के थौबल जिले में उग्रवादियों द्वारा दो युवकों की किडनैपिंग के विरोध में जॉइंट एक्शन कमेटी (JAC) ने 48 घंटे का बंद बुलाया था। इससे मंगलवार, 1 अक्टूबर को सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ।

पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने 27 सितंबर को दो स्थानीय युवकों का अपहरण कर लिया था। इसे लेकर JAC ने 1 अक्टूबर को सुबह 3 बजे से बंद का आह्वान किया है। JAC ने 30 अक्टूबर की रात तक युवाओं को रिहा नहीं किए जाने पर विरोध-प्रदर्शन और जिले में पूर्ण बंद की धमकी दी थी। सोमवार को थौबल मेला ग्राउंड में विरोध-प्रदर्शन भी हुआ। प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाईवे (NH) भी जाम कर दिया।

दरअसल, कुकी मिलिटेंट्स ने तीन युवकों को बंदी बनाया था, उनमें से एक को छोड़ दिया है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि बाकी दोनों को भी छोड़ा जाए। प्रदर्शन में पीड़ितों के परिवार भी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान पीड़ित थोकचोम थोइथोइबा की मां बेहोश हो गईं।

जॉइंट एक्शन कमेटी के रिप्रेजेंटेटिव ने CM एन बीरेन सिंह से मुलाकात की। उनका कहना है कि राज्य सरकार को दी गई समय सीमा सोमवार दोपहर 1:30 बजे ही खत्म हो चुकी है। इसलिए वे विरोध-प्रदर्शन के लिए बाहर जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री आवास खाली करेंगे दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल:लुटियंस दिल्ली में घर फाइनल हुआ, 4 अक्टूबर को शिफ्ट होंगे



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल नए घर में शिफ्ट होंगे। बुधवार को AAP ने कहा कि केजरीवाल के लिए मंडी हाउस इलाके में घर फाइनल हो गया है। फिरोजशाह रोड पर AAP के राज्यसभा सांसदों को आवंटित दो बंगलों में से एक में केजरीवाल रहेंगे। AAP के मुताबिक दोनों बंगले पार्टी मुख्यालय से कुछ मीटर की दूरी पर हैं। केजरीवाल 4 अक्टूबर को फ्लैग स्टाफ रोड स्थित सीएम आवास खाली करके यहां आएंगे। केजरीवाल ने भी नवरात्र में सीएम आवास खाली करने का बोला था। केजरीवाल ने 17 सितंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। इसके बाद AAP ने केंद्र सरकार से केजरीवाल को नेशनल पार्टी के प्रमुख के तौर पर आवास मुहैया कराने की मांग की थी। केजरीवाल अब नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। दिल्ली में विधायकों को सरकारी आवास नहीं मिलते हैं। दिल्ली का सीएम बनने से पहले केजरीवाल गाजियाबाद के कौशांबी इलाके में रहते थे।

संपादकीय : अमन का पैगाम

पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर हमारे प्रधानमंत्री ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत की। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि दुनिया में आतंकवाद का किसी भी रूप में समर्थन नहीं किया जा सकता, पर पश्चिम एशिया में शांति को लेकर भारत प्रतिबद्ध है । बंधकों की सुरक्षित रिहाई भी सुनिश्चित होनी चाहिए। भारत सदा से आतंकवाद के विरुद्ध रहा है। अमेरिका के विश्व व्यापार केंद्र पर आतंकी हमले के बाद जब दुनिया के अनेक देशों ने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध छेड़ने की प्रतिबद्धता जाहिर की थी, तब भारत उनमें अगली कतार में शामिल था। मगर अभी तक दुनिया भर में चले अभियानों का इस दिशा में कोई उल्लेखनीय नतीजा नजर नहीं आया है । मगर भारत जहां भी मौका मिलता है, इस जरूरत को रेखांकित करता रहता है। पाकिस्तान और चीन का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय मंचों से कह चुके हैं कि कुछ देश अपनी विदेश नीति में आतंकवाद का समर्थन करते और कुछ देश आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई रोकने का परोक्ष प्रयास करते हैं। दरअसल, भारत खुद आतंकवाद से पार पाने की कोशिशों में जुटा हुआ है। इजराइल को उसके पड़ोसी फिलिस्तीन, लेबनान और यमन के आतंकी संगठनों से चुनौती मिलती रही है। इन दिनों वह उनसे आरपार की लड़ाई में जुटा हुआ है। मगर जिस तरह इजराइल हमास, हिजबुल्लाह और हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमले कर रहा है, उसमें बहुत सारे बेगुनाह लोग मारे गए हैं और मारे जा रहे हैं उसमें अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियमों की भी अनदेखी हो रही है। अस्पतालों, स्कूलों तक को निशाना बनाया जा रहा है। बहुत सारे रिहाइशी इलाके ध्वस्त किए जा चुके हैं। बीमार और लाचार लोगों तक जरूरी सुविधाएं भी नहीं पहुंच पा रहीं। हिजबुल्लाह के कमांड हसन नसरल्लाह को मार गिराने के बाद इजराइल ने अपना रुख यमन के हूती विद्रोहियों की तरफ केंद्रित कर दिया है। वहां भी वैसी ही तबाही की आशंका है, जैसी फिलिस्तीन के गाजा पट्टी और लेबनान के बेरूत में देखने को मिली है। इसमें सारी दुनिया की चिंता मानवाधिकारों के हनन को लेकर पैदा हो गई है। आतंकवादियों पर हमले से शायद ही किसी को एतराज हो, पर जिस तरह बेगुनाह लोग, स्त्रियां, बूढ़े और बच्चे मारे जा रहे हैं, फिलिस्तीन में बहुत सारे लोग बंधक बनाए गए हैं, वह स्वाभाविक ही परेशान करने वाली बात है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री ने नेता से शांति की अपील की है। कुछ दिनों पहले अमेरिका और ब्रिटेन ने भी कोशिश की थी कि वे इजराइल को इक्कीस दिन के युद्ध विराम पर राजी कर लें, मगर नेतन्याहू ने उनके प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि जब तक वह आतंकी संगठनों का सफाया नहीं कर लेगा, तब तक उसका अभियान नहीं रुकेगा। संयुक्त राष्ट्र के मंच से भी नेतन्याहू ने यह बात स्पष्ट कर दी थी। अब उन्होंने ईरान के लोगों को सीधे संबोधित करते हुए कहा कि ईरान का शाह आप लोगों के साथ गद्दारी कर रहा है, वह जो पैसा आतंकवाद को पोसने पर खर्च कर रहा है, अगर वह वहां शिक्षा, स्वास्थ्य और दूसरे विकास कार्यक्रमों पर खर्च हो, तो तरक्की के नए आयाम खुलेंगे। इस तरह इजराइल ने ईरान को भी पहले से चेतावनी दे रखी है। ऐसे में भारत के प्रयासों से कुछ उम्मीद बंधती है, मगर पश्चिम एशिया में शांति बहाली कब और किन स्थितियों में हो पाएगी, फिलहाल दावा करना कठिन है।

तबाही की बाढ़

यह आशंका पहले से थी कि नेपाल में भारी बरसात का बिहार पर भी व्यापक असर पड़ सकता है । अब नेपाल में बांधों से बड़े पैमाने पर पानी छोड़े जाने के बाद बिहार में जैसी तबाही मची है, उससे गहरी चिंता पैदा हो गई है बिहार के कई जिलों की नदियों में उफान आ गया है और अब बाढ़ का पानी जितने बड़े दायरे में फैल गया है, उसे देखते हुए राज्य में अतीत में आई बाढ़ की त्रासद स्मृतियां ताजा हो गई हैं। गौरतलब है कि नेपाल में इस बार की बरसात का दबाव इतना ज्यादा है कि वहां कोसी बांध के कई दरवाजे खोलने की नौबत आ गई। नतीजतन, बिहार में कई नदियों के तटबंध टूट गए और अब उन्नीस जिलों में बाढ़ का पानी का फैल चुका है, सैकड़ों गांवों में पानी भर गया है और दस लाख लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इससे पहले 2008 में समूचे कोसी क्षेत्र में भयावह बाढ़ आई थी, जिससे हुई व्यापक तबाही को इस बार याद किया जा रहा है, लेकिन बताया जा रहा है कि 1967 के बाद कोसी में और 2003 के बाद गंडक नदी में इतना पानी पहली बार आया है। विडंबना यह है कि जब भी नेपाल में बारिश और बाढ़ अधिक होती है, तो इसकी मार अनिवार्य रूप से बिहार पर पड़ती है। अगर बांधों के दरवाजे न खोले जाएं, तो बांध के ही टूटने का खतरा बढ़ जाएगा, जिसके बाद की तबाही की कल्पना भी डरा देती है। करीब सात दशक पहले भारत और नेपाल के बीच बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए कोसी नदी परियोजना की शुरुआत की गई, मगर अब भी यह त्रासदी कायम है। बरसात के मौसम में उफन कर जानमाल को व्यापक नुकसान पहुंचाने वाली नदियों को तटबंध बना कर नियंत्रित करने की कोशिश की गई, लेकिन बाद के पानी के दबाव में जब ये तटबंध टूटते हैं, तब कई बार सामने पड़ने वाली समूची बस्तियां बह जाती हैं। सवाल है कि कई दशकों से कायम इस समस्या के समाधान के लिए सरकारों की ओर से कब कोई ऐसी योजना सामने आएगी, जिससे इतने बड़े इलाके में थोड़ी राहत महसूस की जा सके।

माँ दुर्गा के 9 ही स्वरूपों की शोभायात्रा निकाली



24 न्यूज अपडेट

देश भर में गुरुवार से शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ होने वाला है। घट स्थापना के बाद 9 दिनों तक मां दुर्गा का अनुष्ठान पूजा पाठ होगा व डांडिया रास के बड़े आयोजन होंगे। झीलों की नगरी उदयपुर में भी शारदीय नवरात्रा शुरू होंगी, मंदिर पंडालो की तैयारियां पूरी हो गई हैं वहीं नवरात्रि स्थापना के एक दिन पहले माँ दुर्गा के 9 ही स्वरूपों की शोभायात्रा निकाली गई हैं शहरवासियो ने माँ दुर्गा का दर्शन लाभ लिया। उदयपुर में शूलधारनी सेना की ओर से सालो से नवरात्रि स्थापना के एक दिन पहले माँ दुर्गा के 9 स्वरूपों की हर्षोल्लास धूम धाम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। उदयपुर नगर निगम से भव्य शोभायात्रा का आगाज हुआ जिसमे माँ के भक्तों ने झूमते नाचते हुए भाग लिया। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्ग होते हुए रेती स्टेण्ड स्तिथ आवरी माता पहुंची, जहां हर साल की भांति माता की 9 दिनों तक पूजा की जाएगी। शूलधारनी सेना संस्थापक गजेंद्र आचार्य ने बताया कि विगत 17 सालों से यह आयोजन हो रहा है। उदयपुर वासियों को एक स्थान पर माता रानी के 9 ही रूपों के दर्शन होते हैं। सभी प्रतिमायें इको फ्रेंडली मटेरियल से बनती हैं। विशेष रुप से बंगाल के कारीगरों द्वारा बनाई जाती है। इससे कोई प्रदूषण नहीं होता है।

बांसवाड़ा में त्रिपुरा सुंदरी मंदिर तक जाने की सड़कें टूटी:MLA बामनिया बोले- अधिकारियों ने मरम्मत नहीं की तो करेंगे आंदोलन



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा. नवरात्रि कल से शुरू हो रही है। जिले में श्रद्धालु मां त्रिपुरा सुंदरी के दर्शन के लिए पैदल और वाहनों से मंदिर पहुंचेंगे। लेकिन इस बार मंदिर पहुंचने की राह आसान नहीं होगी। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी होगी। बारिश के कारण जिले में हर सड़क टूट चुकी हैं। जहां 1 से 2 फीट तक के गड्ढे पड़ चुके हैं। जिससे सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है।

नवरात्रि में हर दिन सैकड़ों श्रद्धालु बांसवाड़ा, परतापुर मार्ग से होते हुए त्रिपुरा सुंदरी पहुंचते हैं और यह पूरा मार्ग नेशनल हाईवे के अधीन है। वहीं तलवाड़ा से त्रिपुरा सुंदरी तक का मार्ग सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीन है। लेकिन हालात अभी यह हैं कि दोनों ही विभाग मरम्मत और पेचवर्क को छोड़ कर सिर्फ गड्ढों को धूल और कंकर से भर रहे हैं। इसलिए सड़कों पर दिनभर धूल के गुबार उड़ रहे हैं।

मंदिर में पैदल आने वाले यात्री जहां नंगे पांव आते हैं, उन्हें इन कंकरों पर चलकर पहुंचना होगा। इसे लेकर पिछले दिनों हुई जिला परिषद की साधारण सभा में कांग्रेसी विधायकों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मुद्दा उठाते हुए नवरात्रि से पहले मंदिर जाने वाली सभी सड़कों का पेंचवर्क पूरा करने को कहा था। उस समय तो डांट फटकार से बचने के लिए अधिकारियों ने आश्वासन दे दिया लेकिन आज 6 दिन बाद भी पैच वर्क शुरू नहीं किया गया।

कांग्रेस विधायक अर्जुनसिंह बामनिया ने कहा- मीटिंग में हमने काम शुरू करने के लिए कहा था, लेकिन अभी तक मरम्मत का काम शुरू नहीं किया गया है। श्रद्धालुओं की समस्या को हम प्रशासन को अवगत कराएंगे। अभी 4 अक्टूबर को राष्ट्रपति का कार्यक्रम है, इसलिए सभी अधिकारी व्यस्त हैं। अगर उसके बाद भी काम नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा।

व्यापारी ने खुद ही रची अपहरण की साजिश:पत्नी को कॉल कर 1 लाख रुपए की फिरौती मांगी, पुलिस ने भोपाल में होटल से पकड़ा



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा. खमेरा थाना क्षेत्र में एक व्यापारी ने खुद को ही अपहरण की मनगढ़ंत की झूठी कहानी रचकर पत्नी से 1 लाख रुपए की फिरौती मांगी।

दरअसल, थाने में व्यापारी जितेंद्र जैन की पत्नी वर्षा जैन ने 28 सितंबर को पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। साथ ही बताया कि पति का कोई अपहरण कर ले गया है। एक लाख रुपए फिरौती मांगी है।

व्यापारी ने स्वयं पत्नी को कॉल पर बताया कि उसे जंगल में बंधक बनाकर रखा हुआ है। पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए मोबाइल नंबर ट्रेस कर टीम को भोपाल के लिए रवाना किया। एक्शन लेते हुए टीम गठित कर भोपाल के लिए रवाना किया गया।

जब पुलिस लोकेशन के आधार पर पहुंची तो व्यापारी जैन भोपाल के होटल में आराम फरमा रहा था। पुलिस व्यापारी को दस्तयाब कर खमेरा थाने लाई और पूछताछ शुरू की। जितेंद्र ने बताया कि उनकी किराना की दुकान है। उसने आस-पास के लोगों से काफी रुपए उधार ले रखे हैं। लोगों द्वारा रुपए मांगने से परेशान होकर खुद ने अपहरण की यह साजिश रची। जिसमें वो खुद की बाइक से सादड़ी गांव गया और वहां बाइक छोड़कर बस से प्रतापगढ़ होते हुए भोपाल चला गया। पुलिस इस मामले में आगे भी पूछताछ कर रही है कि इस साजिश में वो अकेला था या और भी कोई शामिल था।

मारपीट में घायल युवक की मौत के बाद प्रदर्शन:समाज के लोग बोले- अवैध निर्माण तोड़ें, 4 करोड़ का मुआवजा मांगा



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद. राजसमंद में मारपीट में घायल युवक के हॉस्पिटल में दम तोड़ने के बाद आज गुस्साए ग्रामीणों ने पीपरड़ा चुंगी नाका पर सर्विस लाईन के पास जमकर प्रदर्शन किया। माहौल गर्माता देख पुलिस के आला अधिकारी पीपरड़ा चुंगी नाका पहुंचे जहां लोगों को समझाया। उसके बाद ग्रामीण एसपी कार्यालय पहुंचे।

जानकारी के अनुसार एक होटल में जानलेवा हमले से गंभीर घायल युवक की अनन्ता हॉस्पीटल में मौत के बाद माहौल गरमा गया। अहीर समाज के आक्रोशित लोग राजसमंद शहर के पास पीपरड़ा चुंगी नाके पर एकत्रित हो गए और कुंवारिया थाना पुलिस के खिलाफ धरने पर बैठ गए।

पीड़ित परिवार को चार करोड़ के मुआवजे, थाना प्रभारी सहित पुलिसकर्मियों को निलंबित करने, आरोपियों के अवैध निर्माण तोड़ने व आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने सहित आधा दर्जन मांगों को लेकर लोग जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी से मिले।

जिला परिषद सदस्य लेहरूलाल अहीर ने बताया कि भीलवाड़ा हाइवे के फोर लेन किनारे टपरिया खेड़ी में होटल पर 25 सितंबर रात करीब आठ बजे आधा दर्जन से ज्यादा आरोपी लठ व धारदार हथियार लेकर आए और होटल संचालक माताजी का खेड़ा, जूणदा निवासी नारायण लाल पुत्र किशन लाल अहीर पर हमला करने से गंभीर घायल हो गया। घटना के बाद घायल को टोल की एम्बुलेंस से तत्काल आरके हॉस्पीटल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद अनन्ता हॉस्पीटल रेफर कर दिया जहां उसका उपचार चल रहा था। जानलेवा हमले के वक्त बीच-बचाव में होटल साझेदार माताजी का खेड़ा, जूणदा निवासी छगनदास पुत्र मथुरादास वैष्णव भी घायल हो गया। छगनदास ने कुंवारिया थाने में टपरिया खेड़ी, किशनपुरिया निवासी भूपेंद्र सिंह पुत्र अर्जुनसिंह, रतन गाडरी सहित कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दी।

आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर अहीर समाज ने कुंवारिया थाने पहुंचकर थाना प्रभारी सोनाली शर्मा को ज्ञापन दिया और तत्काल आरोपियों के गिरफ्तार करने की मांग उठाई। फिर भी कार्रवाई नहीं होने पर अहीर समाज 1 अक्टूबर को राजसमंद पहुंचा और पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी को ज्ञापन सौंप कर कुंवारिया थाना पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए। इस पर एसपी ने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया।

भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय और पब्लिक स्कूल में गांधी एवं शास्त्री जयंती पर प्रतियोगिता का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर 2अक्टूबर : भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित दृश्य कला विभाग और बीएन पब्लिक स्कूल द्वारा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई। महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ रेणु राठौड़ ने बताया कि 2 अक्टूबर का यह दिन भारतीय इतिहास में स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस की तरह ही राष्ट्रीय पर्व का दर्जा रखता है। इतिहास के पन्नों में यह दिन सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। आज के दिन भारत की दो महान विभूतियों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन को खास तरीके से मनाया जाता है। अधिक जानकारी देते हुए चित्रकला विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कंचन राणावत ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में इस अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए गांधी जी एवं शास्त्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को विभिन्न स्वरूप में दर्शाया। इस अवसर पर सह अधिष्ठाता डॉ रितु तोमर सहित डॉ संगीता राठौड़, डॉ जय श्री सिंह एवं श्रीमती चंचल माली भी उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ.अजीत सिंह सोलंकी, डॉ. चंद्ररेखा शर्मा एवं डॉ.मनीषा शेखावत शामिल थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिनेश वागरीया, द्वितीय स्थान पर घनश्याम लौहार एवं तृतीय स्थान पर लोकेंद्र सिंह विजेता रहे। इसी तरह भूपाल नोबल्स पब्लिक स्कूल में भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वतंत्र भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्राचार्या डॉ.सीमा नरूका ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने गीत, कविता, भाषण के माध्यम से गांधी एवं शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला वहीं नन्हे बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया एवं स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनने की शपथ ली। गांधी व शास्त्री के जीवन के प्रेरक प्रसंगों से बच्चों ने जीवन का पाठ सीखा। इस अवसर पर विद्यालय में पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। संस्थान के कार्यवाहक अध्यक्ष कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, सचिव डा.महेन्द्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड, विश्वविद्यालय कुल सचिव डॉ.निरंजन नारायण सिंह राठौड़ ने इस अवसर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। यह जानकारी जन सम्पर्क अधिकारी डॉ कमल सिंह राठौड़ ने दी।

कर्नाटक के राज्यपाल 4 को सांवलियाजी आएंगे

24 न्यूज अपडेट

चितौडगढ, 2 अक्टूबर। कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावरचन्द गहलोत 04 अक्टूबर को सांवलियाजी आएंगे।

अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) ने बताया कि कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावरचन्द गहलोत 04 अक्टूबर, 2024 (शुक्रवार) को दोपहर 01.30 बजे नीमच सर्किट हाउस, से सड़कमार्ग द्वारा प्रस्थान कर सायं 03.00 बजे श्रीसांवलियाजी मन्दिर, मण्डफिया, चितौडगढ पहुँच कर श्री सांवलियाजी की पूजा एवं दर्शन करेंगें वे सायं 03.45 बजे कार द्वारा नाथद्वारा के लिए सड़क मार्ग से प्रस्थान करेगे।

डोटासरा बोले- गोडसे के अनुयायी गांधी के क्या होंगे?:जूली ने कहा- गांधी जयंती की छुट्टी रद्द करना बापू का अपमान;गांधीजी से इतनी नफरत क्यों?



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. राजस्थान यूनिवर्सिटी में 2 अक्टूबर की छुट्टी रद्द करने पर कांग्रेस ने सरकार और बीजेपी पर पलटवार किया है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष ने बीजेपी सरकार पर हमला बोलते हुए गांधी जयंती की छुट्टी रद्द करने का आरोप लगाया है।

गोविंद सिंह डोटासरा ने एक्स पर लिखा- गोडसे के पद चिन्हों पर चलने वाले क्या कभी गांधी के हो सकते हैं? ये सवाल इसलिए क्योंकि गांधी जी के लिए संघ की शाखाओं से निकली नफरत किसी न किसी रूप में भाजपा सरकारों के निर्णयों में बाहर आ ही जाती है। पहले गांधी वाटिका का विरोध, फिर गांधी म्यूजियम को जनता के लिए खोलने पर रोक और अब गांधी जयंती पर राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से से अवकाश निरस्त करना बापू के प्रति भाजपा की नफरत और अपमान को जग जाहिर कर रहा है। भाजपा का षड्यंत्र कभी कामयाब नहीं होगा, क्योंकि गांधी इस देश के कण-कण में हैं। जूली बोले- बीजेपी और आरएसएस को महात्मा गांधी जी से इतनी नफरत क्यों है?

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पलटवार करते हुए एक्स पर लिखा- राजस्थान यूनिवर्सिटी का 2 अक्टूबर की छुट्टी रद्द करना महात्मा गांधी का अपमान है। पहले तो विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से छुट्टी के आदेश निकाले जाते हैं, बाद में सरकार के द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन पर दबाव बनाकर छुट्टी को निरस्त करवाया जाता है। बीजेपी और आरएसएस को महात्मा गांधी जी से इतनी नफरत क्यों है?

जूली ने आगे लिखा- ऐसी शख्सियत जिनके बारे में सिर्फ भारत ही नहीं, दुनिया के कई देशों में पढ़ाया जाता है। सम्मान में जिनके नाम के आगे महात्मा लगाया जाता है और प्यार से लोग जिन्हें बापू (राष्ट्रपिता) बुलाते हैं। उन्होंने देश की खातिर बहुत ऐसे काम किए जिससे वो हमेशा के लिए अमर हो गए।

जिनके जन्मदिन 2 अक्टूबर के मौके पर राष्ट्रीय अवकाश होता है। प्रदेश की सरकार के दबाव में आकर विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा छुट्टी को निरस्त करना संकीर्ण मानसिकता का परिचय है।यह फैसला महात्मा गांधी जी के आदर्शों और विरासत का अपमान है।

पुलिस नहीं कर रही गोविंदा की 'गलती से मिस्टेक' वाली थ्योरी पर विश्वास, रिवॉल्वर 0.32 बोर की थी इससे 9 एमएम की बुलेट नहीं हो सकती फायर??



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. मुंबई। बॉलीवुड एक्टर गोविंदा की गोली लगने वाली थ्योरी पुलिस के गले नहीं उतर रही है। गोविंदा ने कहा कि वे रिवॉल्वर अलमारी में रख रहे थे, तभी गोली चल गई। पैर का ऑपरेशन कर गोली निकाल दी गई है मगर सवाल अब तक यह गूंज रहा है कि गोली चली कैसे??? अभी गोविंदा मुंबई के क्रिटी केयर अस्पताल में भर्ती हैं। आज जुलू पुलिस उनसे सवाल करने आई। गोविंदा ने गोली के मिसफायर होने की बात कही। पुलिस को बताया कि रिवॉल्वर 20 साल पुरानी है। घटना मंगलवार सुबह करीब 4.45 बजे की है। पुलिस गोविंदा के बयान से संतुष्ट नहीं है और जल्द ही दोबारा पूछताछ करेगी। पुलिस ने गोविंदा की बेटी टीना आहूजा के भी बयान लिए। अलमारी में रिवॉल्वर रखते हुए गोविंदा से मिस फायर हो गया। आज गोविंदा का हालचाल लेने एक्टर और पॉलिटिशियन शत्रुघ्न सिन्हा और डायरेक्टर डेविड धवन हॉस्पिटल पहुंचे। गोविंदा के भांजे कृष्णा की पत्नी कश्मीरा शाह क्रिटी केयर हॉस्पिटल पहुंचीं। कभी कश्मीरा और गोविंदा की पत्नी सुनीता में झगड़ा सुर्खियों में रहा था। गोविंदा और कृष्णा के बीच विवाद तब शुरू हुआ था, जब 2018 में कश्मीरा शाह ने ट्वीट किया कि कुछ लोग पैसों के लिए नाचते हैं। इस ट्वीट पर सुनीता आहूजा ने जवाब दिया था कि ये ट्वीट गोविंदा के खिलाफ किया गया है। इसके बाद गोविंदा-सुनीता ने कृष्णा-कश्मीरा से सभी संबंध खत्म कर लिए थे। इस बीच सवाल यह उठे कि रिवॉल्वर का सेफ्टी लॉक हो, तो गोली नहीं चल सकती। क्या गोविंदा बिना सेफ्टी लॉक लगाए ही इसे अलमारी में रख रहे थे। यदि लॉक खुला रहे और रिवॉल्वर गिरे तो भी 'गलती' से फायर मुश्किल है क्योंकि ऐसे में ट्रिगर गार्ड फायर रोकता है, मान भी लें कि गोली दुर्घटनावश चली, तो गिरते, समय रिवॉल्वर का बैरल ऊपर की तरफ होता, न कि घुटने की तरफ? गोविंदा दूसरे शहर जा रहे थे, तो रिवॉल्वर लोडेड क्यों रखी? आमतौर पर बुलेट को रिवॉल्वर से निकाल कर रखा जाता है? बताते हैं कि गोविंदा पैरानोड्य (मानसिक उन्माद की स्थिति) का परामर्श ले रहे थे। क्या वे लोडेड रिवॉल्वर रखने की स्थिति में थे? पुलिस के मुताबिक, रिवॉल्वर 0.32 बोर की थी। निकाली गई बुलेट 9 एमएम की है। 0.32 बोर की रिवॉल्वर में 9 एमएम की बुलेट नहीं हो सकती।

नवरात्रि से पहले ऑल टाइम हाई पर पहुंचा सोना:10 ग्राम सोने की कीमत पहुंची 78 हजार, 1500 रुपए बढ़े चांदी के भाव



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. नवरात्रि शुरू होने से पहले ही सोने की कीमत में अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में चल रही उठापटक के बीच सोने की कीमत अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इसके बाद 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़ कर 78 हजार रुपए पर पहुंच गई है। वहीं, चांदी प्रति किलो की कीमत में 1500 रुपए का इजाफा हुआ है। इसके बाद प्रति किलो चांदी की कीमत 92 हजार 700 रुपए पर आ गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक सोने और चांदी की कीमत में और इजाफा होने की संभावना बनी हुई है।

जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के राकेश खंडेलवाल ने बताया- अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी अस्थिरता का असर भारतीय बाजार पर नजर आ रहा है। इसकी वजह से स्टैंडर्ड सोने और चांदी की कीमत में फिर से तेजी का सिलसिला शुरू हो गया है। जो अगले एक सप्ताह तक जारी रह सकता है। इसके बाद सोने चांदी के भाव स्थिर होने की संभावना है। हालांकि दीपोत्सव के पर्व के दौरान एक बार फिर सोने और चांदी की कीमत में तेजी आ सकती है। इसकी वजह से स्टैंडर्ड सोने की कीमत इस साल के अंत तक 80 हजार रुपए के आंकड़े तक पहुंच सकती है।

जयपुर सर्राफा कमेटी की और से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78 हजार रुपए पर आ गई है, जबकि 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत सोने की कीमत 72 हजार 700 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 60 हजार 300 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 48 हजार 100 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत 92 हजार 700 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है।

रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी के बावजूद सतर्कता नहीं, जांच के नाम पर खानापूर्ति



24 न्यूज अपडेट

आज राजस्थान के उदयपुर, जयपुर, बीकानेर, जोधपुर सहित कुल 8 रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद उदयपुर के सिटी रेलवे स्टेशन पर पुलिस अलर्ट हो गई और डॉग स्क्वाड को लेकर तलाशी ली गई। पुलिस ने सुबह करीब 11 बजे रेलवे स्टेशन खंगाला और तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। मगर इसके बाद पूरे स्टेशन पर बेफिक्री का आलम हो गया। अभी स्टेशन पर हालात ऐसे हैं कि कोई रोकने टोकने वाला नहीं है। शायद पुलिस ने पहले से ही यह मान लिया है कि हनुमानगढ़ के सुपरिटेंडेंट को कल मिला लेटर केवल एक धमकी है। वास्तव में ऐसा कुछ नहीं होने वाला हैं। जबकि कल की धमकी की जांच आज हो रही है तो पूरे दिन सुरक्षा के बंदोबस्त आखिर क्यों नहीं किए जा रहे हैं। इस लापरवाही के बाद अब आमजन की जिम्मेदारी बन जाती है कि वे यात्रा करते समय खुद सावधानी बरतें और आस-पास रखी वस्तुओं पर सजग रह कर नजर रखें। आपको बता दें कि हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन पर एक पत्र मिला था जिसमें राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश के विभिन्न रेलवे स्टेशनों को उड़ाने की धमकी के बाद पुलिस मुख्यालय से निर्देश दिए गए। इसके बाद पुलिस की टीमें सिटी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। जवानों ने स्टेशन के अंदर और वहां से आने-जाने वाले यात्रियों पर निगरानी रखते हुए संदिग्ध लोगों से पूछताछ की लेकिन यहां ऐसा कुछ नहीं मिला। डॉग स्क्वायड के साथ टीम ने पूरे स्टेशन पर राउंड किए।

म्यूजिक साउंड के बीच मदस्त नृत्य और उड़ते नोट,,, लेकसिटी की एक विला में दिखा रात का रंगीन नजारा



24 न्यूज अपडेट

म्यूजिक सिस्टम पर गाना बज रहा है। लोग थिरक रहे हैं। बीच-बीच में लड़कियों का मदमस्त करता हुआ डांस हो रहा है। शराब परोसी जा रही है और लोग झूम रहे हैं। यह नजारा है उदयपुर के नाई थाना क्षेत्र में स्थित एक विला का। यहां पर मादक पदार्थ एमडी की सूचना पर डीएसटी टीम ने कार्रवाई की। उदयपुर डीएसटी टीम ने मौके से साउंड सिस्टम को जब्त किया और वहां पर मौजूद लड़कियों को डिटेन किया। डीएसटी टीम की कारवाई के दौरान विला में मौजूद लोग मदस्त होकर शराब पार्टी करते हुए दिखाई दिए। एक विला में तो पूरे कमरे में नोट बिखरे हुए दिखाई दिए। एक टेबल पर नोटों की गड्डियां जमी हुई दिखाई दी। ये नोट कमरे में मौजूद लड़कियों पर उड़ाए जा रहे थे। उदयपुर की डीएसटी टीम ने अवैध मादक पदार्थ एमडी की सूचना पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। डीएसटी टीम ने कार्रवाई के बाद विधिक कार्रवाई के लिए नाई थाना पुलिस को बुलाया। पुलिस ने बारी बारी से लोगों का परिचय पूछते हुए कार्रवाई की।

हाथ जोड़कर बदमाश बोले-गलती हो गई, अब बदमाशी नहीं करेंगे:भीलवाड़ा में पुलिस ने थाने से कोर्ट तक आरोपियों की निकाली पैदल परेड



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा. 'अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास' राजस्थान पुलिस के इस ध्येय वाक्य को भीलवाड़ा पुलिस ने एक बार फिर साबित किया। पुलिस ने अपहरण कर फिरौती मांगने, मारपीट और धमकाने के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। इसके बाद कोतवाली थाने से कोर्ट तक इनकी पैदल परेड निकाली। दोनों बदमाशों को पैदल परेड करते देख शहरवासियों ने पुलिस की इस कार्रवाई की तारीफ की।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। कोतवाल राजपाल ने बताया- राजस्थान पुलिस का ध्येय वाक्य है आम जन में विश्वास और अपराधियों में भय। आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास कायम करने और अपराधियों को मैसेज देने के लिए आज हमने इन दो बदमाशों हिस्ट्रीशीटर सिकंदर उर्फ लॉटरी और कान्हा को मारपीट, धमकाने और रंगदारी के मामले में गिरफ्तारी वारंट से पकड़ा है। इन दोनों को पेश करने के लिए थाने से कोर्ट पैदल लेकर जा रहे थे। अब आरोपी कह रहे है कि हमसे गलती हो गई, आज के बाद बदमाशी छोड़ देंगे।

इन्हें थाने से कोर्ट बाजार में पैदल ले जाने का मक़सद यही था कि लोगों में मैसेज जाए, जो भी बदमाश है उसकी बदमाशी को पुलिस द्वारा किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जाएगा और उसके विरुद्ध जितनी भी कठोरतम कार्रवाई हो सकेगी, वो कि जायेगी। अपराधी जो भी बदमाशी करेगा और समाज में रील और सोशल मीडिया के माध्यम से गलत मैसेज देता है, उसको इसी तरीके से पैदल लाकर कोर्ट में पेश किया जाएगा, जिससे लोगों के बीच में एक मैसेज जाए की बदमाशों का क्या हाल होता है। इस दौरान दोनों बदमाश पुलिस के सामने हाथ जोड़ते हुए और वापस अपराध नहीं करने की मिन्नत करते नजर आए।

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के राजपुरा दरीबा RRRT परिसर व एसके भूमिगत खदान में इंट्रा जोनल माइन रेस्क्यू प्रतियोगिता 2024 का हुआ आयोजन



24 न्यूज अपडेट

खान सुरक्षा महानिदेशालय उत्तर पश्चिमी अंचल, उदयपुर के तत्वाधान मे हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के राजपुरा दरीबा RRRT परिसर व एसके भूमिगत खदान में इंट्रा जोनल माइन रेस्क्यू प्रतियोगिता 2024 का पारितोषिक वितरण समारोह सफलता पूर्वक दिनांक 01.10.2024 को आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता के लिए दिनांक 29.09.2024, 30.09.2024 व 01.10.2024 को सभी कैटेगरी की प्रतियोगिता आयोजित हुई, इस प्रतियोगिता मे हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड व हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की विभिन्न खदानों से 10 रेस्क्यू टीम ने भाग लिया जिसमें दो महिला टीम भी शामिल है। दिनांक 01.10.2024 को राजपुरा दरीबा मे हुए पारितोषिक वितरण समारोह मे मुख्य अतिथि श्री आर टी मांडेकर उपमहानिदेशक, उत्तर पश्चिमी अंचल उदयपुर तथा गेस्ट ऑफ ऑनर श्री अरुण मिश्रा सीईओ हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड थे तथा अन्य अतिथि डीजीएमएस के निदेशक व उपनिदेशक रहे। इस प्रतियोगिता में रामपुर आगुजा खदान ओवरऑल प्रथम, एस के खदान ओवरऑल द्वित्तीय तथा एचजेडएल महिला टीम ओवरऑल तृतीय स्थान पर रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अनुरोध पर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड का अपना रेस्क्यू स्टेशन के लिए श्री अरुण मिश्रा, सीईओ द्वारा रेस्क्यू स्टेशन जल्द ही बनाने की घोषणा की गई

वंडर सीमेंट लि. एवं उपखण्ड प्रशासन निम्बाहेड़ा द्वारा रसूलपुरा में स्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा वंडर सीमेंट लि. एवं उपखण्ड प्रशासन निम्बाहेडा के सयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 01.10.2024 को भारत सरकार कें ' 'स्वच्छता ही सेवा - 2024 अभियान'' के अन्तर्गत ग्राम पंचायत फाचर अहिरान के ग्राम रसूलपुरा में उपखण्ड अधिकारी निम्बाहेड़ा विकास पंचोली, विकास अधिकारी निम्बाहेड़ा विशाल सीपा एवं वंडर सीमेंट लि. से सी.एस.आर. प्रभारी हेमेन्द्र सिंह झाला द्वारा स्वच्छता जागरुकता हेतु ग्राम रसूलपुरा को प्लास्टिक मुक्त करने एवं हर घर कचरा प्रबंधन हेतु समस्त ग्रामवासियों को डस्टबीन तथा कपडे की थेलिया वितरित की गई।

वंडर सीमेंट लि. के यूनिट हेड नितिन जैन ने बताया की कम्पनी द्वारा दिनांक 14 सितम्बर से ही स्वच्छता पखवाडे के तहत विभिन्न कार्यक्रम अयोजित किये जा रहे है , इसी क्रम में आज ग्राम रसूलपुरा में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामवासीयों को स्वच्छ एवं स्वस्थ्य ग्राम का संदेश दिया गया। जिसमे सभी ग्रामवासियों ने उत्साह से भाग लिया।

नरभक्षी पेंथर को शूट करने नवाब शफात अली को बुलाया, उनके पास है जानवरों के संकेत पहचान, शूट करने की अद्भुत क्षमता



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के गोगुंदा में आदमखोर पेंथर को जान से मारने के आदेश के बाद वन विभाग की ओर से आज देश के सबसे बड़े एक्सपर्ट शूटर हैदराबाद के नवाब शफात अली खान को बुलाया गया है। नवाब इससे पहले कई जगहों पर आदमखोरों का काम तमाम कर चुके हैं। नवाब ने आज दोपहर में गोगुंदा पहुंचते ही अपना एक्शन प्लान तैयार किया ओर टीम के साथ रवाना हुए। आदमखोर पैंथर के खात्मे में इस फैसले को आखिरी हथियार माना जा रहा है। नवाब ने उदयपुर पहुंचते ही सीसीएफ सुनील छिद्री व डीएफओ अजय चित्तौड़ा से घटना की पूरी जानकारी हासिल की। आपको बता दें कि नवाब को हाल ही में यूपी के बहराइच में आदमखोर भेड़ियों के एनकाउंटर के लिए बुलाया गया था। उनके पिता और दादा भी शूटर रह चुके हैं। वे तमिलनाडु के नीलगिरी की पहाड़ियों में स्थित मदुमलाई नेशनल पार्क में रहते हैं। यहां वे कुछ रिसोर्ट भी चलाते हैं। उनके पास जानवरों के संकेत पहचान कर उनको शूट करने की अद्भुत क्षमता है। शफात अली के पास उनका पसंदीदा हथियार .458 मैग्नम राइफल और .470 डबल बैरल राइफल हैं।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।